प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्विद्यालय में तीन माह का इंटर्नशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

विश्वविद्यालय के विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय द्वारा स्किल इण्डिया प्रोग्राम के अन्तर्गत डीबीटी, नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित तीन माह का इंटर्नशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम 12 सितम्बर से 11 दिसम्बर 2022 तक मशरूम की खेती और पोषण सुरक्षा के लिए मूल्य वर्धित उत्पादों का उत्पादनः नैनो तकनीकी इंटरवेंशन का उपयोग विषय पर आयोजित किया गया। यह तीन माह का प्रशिक्षण भारतीय कृषि कौशल परिषद द्वारा स्वीकृत, जिसमें उत्तराखण्ड से 20 स्नातक प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया गया है। यह प्रशिक्षण हाइब्रिड मोड से आयोजित किया गया, जिसमें ऑनलाइन 75 घंटे और ऑफ लाइन 175 घंटे का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत स्वयं का स्वरोजगार स्थापित कर सकते है जिससे अधिक से अधिक कृषक लाभान्वित होंगे।